**प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा की अध्यक्षता में दि0 08.07.2016 को मंथन सभागार, देहरादून में आयोजित हुई उत्तराखण्ड कैम्पा की कार्यकारी समिति की सत्रहवीं बैठक का कार्यवृत्त ।**

**उपस्थिति :**

1. श्री राजेन्द्र कुमार, प्रमुख वन संरक्षक, **वन पंचायत**, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति।
2. श्री जयराज, प्रमुख वन संरक्षक, **नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन**, उत्तराखण्ड एवं **परियोजनायें**, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति।
3. श्री एस॰टी॰एस॰ लेप्चा, अपर प्रमुख वन संरक्षक/**नोडल अधिकारी** एवं सदस्य–कार्यकारी समिति।
4. श्री डी0वी0एस0 खाती, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव उत्तराखण्ड / **मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक**, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति।
5. श्री मोनिष मल्लिक, अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं **मुख्य कार्यकारी अधिकारी**, उत्तराखण्ड कैम्पा एवं सदस्य सचिव, कार्यकारी समिति।
6. श्री सुशान्त पटनायक, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा।

बैठक का शुभारम्भ करते हुये मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये कार्यकारी समिति की सत्रहवीं बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया गया व वर्ष 2016–17 के लिए तैयार की गयी वार्षिक कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। बैठक में सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार निर्णय/कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी :–

**कार्यसूची कार्यकारी समिति 17.1: कार्यकारी समिति की दिनांक 15 फरवरी 2016 को संपन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुपालन :–**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा दिनांक 15.02.2016 को आयोजित कार्यकारी समिति की सोलहवीं बैठक के कार्यवृत्त अनुसार लिये गये निर्णयों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या समिति के सदस्यगणों के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

समस्त सदस्यों द्वारा उक्तानुसार की गयी कार्यवाही की पुष्टि की गयी। उक्त सम्बन्ध में प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति द्वारा सोलहवीं बैठक के मुख्य विचाणीय बिन्दुओं पर निम्न निर्देश दिए गए :–

**लेखा एवं एमआईएस प्रविष्टि**

कार्यकारी समिति द्वारा निर्देश दिए गए कि जिन क्रियान्वयन अभिकरणों द्वारा माह मार्च 2016 तक के लेखा की टैली प्रविष्टि पूर्ण नहीं कराई गई है एवं नए सरल विकसित एम आई एस में प्रविष्टि हेतु प्रशिक्षण प्राप्त

नहीं किया है अथवा एम.आई.एस. में प्रविष्टि नहीं की गयी ह, उन समस्त क्रियान्वयन अभिकरणों को पुनः दो सप्ताह का अतिरिक्त समय देते हुए उक्त कार्य को करना सुनिश्चि किया जाए। कार्य की महत्ता एवं तात्कालिकता को देखते हुए सम्बन्धित वन प्रभागों के कर्मचारियों को कैम्पा कार्यालय में बुलाकर अपेक्षित कार्य पूर्ण कर लिए जांय।

**(कार्यवाही– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा एवं समस्त कियान्वयन अभिकरण)**

**जी0पी0एस0 रीडिंग**

बैठक के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा कैम्पा योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो की जी0पी0एस0 रीडिंग व अन्य सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत किये जाने के निरन्तर निर्देश दिये जा रहे हैं, परन्तु नये एम.आई.एस. में जी0पी0एस0 रीडिंग आदि सूचनाओं अपलोड करने की व्यवस्था नहीं है। कार्यकारी समिति द्वारा निर्देश दिये गये उक्त एम.आई.एस. में यथा आवश्यक संशोधन करा दिया जाय ताकि भारत सरकार/राज्य सरकार को अपेक्षित सूचनाएं प्रेषित करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।

**ई–ग्रीन वॉच**

कार्यकारी समिति को अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा ई–ग्रीनवॉच पोर्टल में कैम्पा के अन्तर्गत कराये गये समस्त कार्यो को अपलोड किये जाने के अनिवार्य निर्देश दिये गये हैं परन्तु अनेक प्रभागीय वनाधिकारियों के द्वारा उक्त पोर्टल पर KMLफाईल अपलोड नहीं की जा रही है व पॉलीगन भी नहीं दर्शाये जा रहे हैं। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि भविष्य में ई–ग्रीन वॉच पोर्टल में पूर्ण प्रविष्टियां न किये जाने की दशा में सम्बन्धित राज्य सरकारों को कैम्पा मद में धनराशि अवमुक्त नहीं की जायेगी। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि अनेक प्रभागीय वनाधिकारियों के द्वारा अभी तक ई–ग्रीनवॉच पोर्टल में कैम्पा के अन्तर्गत निष्पादित कार्यों की प्रविष्टियां नहीं की जा रही हैं, जिसके फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा ई–ग्रीनवॉच पोर्टल में निर्धारित प्रविष्टियों के लक्ष्य को प्राप्त करना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि एक अभियान के तहत ई–ग्रीनवॉच पोर्टल में समस्त लम्बित प्रविष्टियों को एक निश्चित समय सारणी के अन्तर्गत पूर्ण कराया जाय। पोर्टल में 50 प्रतिशत से कम की प्रविष्टि करने वाले क्रियान्वयन अभिकरणों को धनराशि की प्रथम किश्त (20 प्रतिशत) के बाद अगली किश्त निर्धारित प्रविष्टयॉ पूर्ण करने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। पोर्टल पर प्रविष्टयां अंकित करने व के. एम.एल. फाईल तैयार करने हेतु प्रभागीय वनाधिकारियों द्वारा पूर्व में कराये गये कार्यो की जी0पी0एस0 रीडिंग किसी अनुभवी कार्मिक के साथ आई0टी0सैल को उपलब्ध करायी जायेगी व आई0टी0सैल द्वारा के0एम0एल0 फाईल व पॉलीगन तैयार कर ई–ग्रीनवॉच पोर्टल में प्रविष्टि की जायेगी। के0एम0एल0 फाईल व पॉलीगन तैयार करने हेतु आई0टी0सैल द्वारा प्रत्येक प्रभाग के अनुभवी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

**(कार्यवाही–प्रमुख वन संरक्षक, IT&GC, उत्तराखण्ड एवं समस्त क्रियान्वयन अभिकरण)**

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यकारी समिति में दो गैर सरकारी संगठनों को नामित करने हेतु शासन को पुनः अनुस्मारक भेजा जाये।

**(कार्यवाही– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा )**

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 17.2:कैम्पा निधि के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना 2015–16 की अद्यावधिक स्थितिः–

सदस्यगण वर्ष 2015–16 की संशोधित वार्षिक कार्ययोजना 2015–16 `26650.86 लाख के सापेक्ष संचालन समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में विभिन्न क्रियान्वयन अभिकरणों को अवमुक्त की धनराशि कुल `18511.77 लाख के सापेक्ष वित्तीय उपलब्धि `15325.32लाख (82.79%)से अवगत हुए एवं समिति द्वारा निर्देश दिए गए कि भविष्य में अवमुक्त की जाने वाली प्रथम किश्त के सापेक्ष 70 प्रतिशत का व्यय न करने वाले क्रियान्वयन अभिकरणों को अगली किश्त अवमुक्त न की जाए।

**(कार्यवाही– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा एवं समस्त जोनल चीफ )**

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 17.3:उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2016–17 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना के सम्बन्ध मेंः–

उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2016–17 की वार्षिक कार्ययोजना जिसका घटकवार विवरण निम्नानुसार है, को संचालन समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किए जाने हेतु सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गयज्ञं

| एन.पी.वी. | क्षतिपूरक वनीकरण | संरक्षित क्षेत्र | अन्य | कैट प्लान | कुल योग (लाख ` में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 32600.96 | 2445.00 | 0 | 4791.20 | 2150.00 | **41987.16 अथवा 419.87 करोड़** |

कार्यकारी समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वर्ष 2016–17 की वार्षिक कार्ययोजना अनुमोदित करते हुए इसे संचालन समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये।

कार्यकारिणी समिति द्वारा वर्ष 2016–17 के अनुमोदित ए.पी.ओ. का मदवार विवरण निम्नानुसार है :–

| HEAD | Physical Target | Rate (Rs.) | Amount (` in Lakh) |
|---|---|---|---|
| **COMMITTED ACTIVITIES** | | | |
| **COMPENSATORY AFFORESTATION** | | | |
| Plantation | 3000 ha | 26000 | 780.00 |
| Advance Soil Work | 2300 ha | 55000 | 1265.00 |
| Maintenance (Based on Success) | LS | | 400.00 |
| **Sub-Total** | | | **2445.00** |
| | | | |
| **CAT PLANS** | | | |
| CAT Plans | LS | | 2150.00 |
| **Sub-Total** | | | **2150.00** |
| **Total Committed Activities** | | | **4595.00** |
| | | | |
| **NET PRESENT VALUE (NPV)** | | | |
| | | | |
| **VAN PANCHAYAT** | | | |
| Strengthening of Van Panchayats | LS | | 1280.00 |
| **Sub-Total** | | | **1280.00** |
| | | | |
| **Plantations and ASW under NPV** | | | |
| ASW as per working plan prescriptions | LS | | 1000.00 |
| City Plantation at Dehradun and Mussoorie | LS | | 50.00 |
| Raising of Oak, Deodar and other high altitude species including maintenance | LS | | 560.00 |
| Raising of plants and plantation for Van Mahotsav / Harela | LS | | 50.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raising of Fruit Plants Akhrot, Mehal top working, Citrus Fruits etc. | LS | | 50.00 |
| Raising of middle altitude species and fruit plants | LS | | 200.00 |
| | | | |
| **Sub-Total** | | | **1910.00** |
| **GRASSLANDS & BUGYAL MANAGEMENT** | | | |
| Grassland Development and Management of Bugyals in Forest Areas | LS | | 500.00 |
| **Sub-Total** | | | **500.00** |
| | | | |
| **SOIL AND WATER CONSERVATION** | | | |
| Creation of Water Bodies | LS | | 2000.00 |
| Rejuvenation of traditional and Other Water Sources | LS | | 500.00 |
| Soil and Water Conservation Measures like checkdams, brushwood checkdams, pirul and vegetative checkdams | LS | | 1584.02 |
| Maintenance of Existing Water bodies | LS | | 205.63 |
| Staggard Contour trenches for water retention in chir pine areas | LS | | 1400.00 |
| **Sub-Total** | | | **5689.65** |
| | | | |
| **FOREST FIRE MANAGEMENT AND PROTECTION** | | | |
| Fire Protection and management | LS | | 2200.00 |
| **Sub-Total** | | | **2200.00** |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **FOREST PROTECTION AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT** | | | |
| Forest Road repair, Bridal path/culverts | LS | | 2000.00 |
| Construction of new Forest Guard Chaukies | 64 | | 900.00 |
| Renovation of Existing Building | LS | | 200.00 |
| Survey, Demarcation and Boundary Pillers | LS | | 150.00 |
| **Sub-Total** | | | **3250.00** |
| **FOREST RESEARCH** | | | |
| Research Related Activities | LS | | 210.00 |
| **Sub-Total** | | | **210.00** |
| **FOREST MANAGEMENT** | | | |
| Preparation of Working Plans | LS | | 200.00 |
| Silvicultural Operation in Forest Areas | LS | | 500.00 |
| **Sub-Total** | | | **700.00** |
| | | | |
| **TRAINING OF FOREST STAFF** | | | |
| Strengthening of Training Instutions | LS | | 100.00 |
| Other Trainings (Forest Guard, Forester, Rangers, Wildlife Motivators, Awareness Campaign, Monkey/Snake/Small Mammal catching Trainings, Wireless OperationTrainings, First Responder Training, Disaster Management Training, Training on Raising of Horticulture Plants etc.) | LS | | 500.00 |
| **Sub-Total** | | | **600.00** |
| | | | |
| **Monitoring and Evaluation** | LS | | 300.00 |
| **Monitoring and Evaluation** | | | **300.00** |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Rest of NPVs /Allied Activities** | | | |
| Forest Protection, Infrastructure Development, Soil and water conservation, forest Management, Wildlife Management and other conservation Activites to be approved by PCCF HOFF to different IAs | LS | | 5000.00 |
| Purchase of Computer, Softwares and other management cost to different admin offices | LS | | 599.19 |
| Green India Mission | LS | | 700.00 |
| Field/ Other Vehicles | LS | | 350.00 |
| New and Renewable Energy (Solar Panel with invertors) for far flung/ inaccessible areas | LS | | 200.00 |
| Staff Benevolent Fund | LS | | 112.00 |
| Staff Welfare ( Vardi/Field Kit) | LS | | 200.00 |
| Fire Arms for field staff for forest and wildlife protection | LS | | 250.00 |
| Rest of NPV Activities | LS | | 164.12 |
| Forest Library | LS | | 200.00 |
| **Sub-Total** | | | **7775.31** |
| | | | |
| **MAN ANIMAL CONFLICT MITIGATION MEASURES** | | | |
| Man Animal Conflict Resolution, elephant / wildboar wall / power fencing and trenches | LS | | 800.00 |
| Ex-gratia payment (damage to life and property or human death due to wildlife attack. | LS | | 400.00 |
| **Sub-Total** | | | **1200.00** |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **HABITAT IMPROVEMENT WORKS** | | | |
| Management & Eradication of Invasive Species outside protected areas | LS | | 1000.00 |
| **Sub-Total** | | | **1000.00** |
| | | | |
| **WILDLIFE MANAGEMENT** | | | |
| Habital Improvement, Wildlife Protection etc. Activities under various Wildlife Rich Areas/protected areas | LS | | **2290.00** |
| **Sub-Total** | | | **2290.00** |
| **EX-SITU WILDLIFE CONSERVATION** | | | |
| Construction of Zoo, Breeding Center, Reptile Park and Tiger Safari | | | 2748.00 |
| **Sub-Total** | | | **2748.00** |
| **MONKEY MENACE MITIGATION /ANIMAL RESCUE CENTER** | | | |
| Construction and Management of Rescue Center | | | 148.00 |
| **Sub-Total** | | | **148.00** |
| **PROMOTION OF ECO TOURISM RELATED ACTIVITIES** | | | |
| Watershed Development at Select locations | | | 200.00 |
| Rennovation of Forest Rest House. | LS | | 600.00 |
| **Sub-Total** | | | **800.00** |
| **TOTAL NET PRESENT VALUE (NPV)** | | | **32600.96** |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **RIVER TRAINING/ DEMARCATION & FUELWOOD AND OTHER SITE SPECIFIC PLANTATIONS** | | | |
| River Training Works | LS | | 2140.00 |
| Plantations (Road side, Gap filling, Dwarf Species) | LS | | 1365.10 |
| **Sub-Total** | | | **3505.10** |
| **MUCK DISPOSAL** | | | |
| Muck Disposal | LS | | 1286.10 |
| **Sub-Total** | | | **1286.10** |
| **TOTAL APO 2016-17** | | | **41987.16** |

**नोटः**–उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 2015–16 की कार्ययोजना में स्वीकृत मद, जिनके सापेक्ष विभिन्न कारणों से धनराशि अवमुक्त नहीं की गई थी, के लिए **`2117.85 लाख** की राशि वर्ष 2016–17 में अवमुक्त की गई हैं जिसे सम्मिलित करते हुए वर्ष 2016–17 की कार्ययोजना का कुल आकार **`44105.01 लाख** के लिए पारित किया गया।

**(कार्यवाही– समस्त जोनल अधिकारी, क्षेत्रीय वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तराखण्ड)**

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 17.4:उत्तराखण्ड कैम्पा निधि पर अर्जित ब्याज की धनराशि से उत्तराखण्ड कैम्पा कार्यालय के वित्तीय वर्ष 2016–17 में प्रबन्धन हेतु बजट के सम्बन्ध में:–

कार्यकारी समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु उत्तराखण्ड कैम्पा कार्यालय के सुचारू प्रबन्धन/संचालन हेतु, कैम्पा निधि पर अर्जित ब्याज की धनराशि का विभिन्न मदों में `550.30 लाख के अतिरिक्त भीषण वनाग्नि की घटनाओं के दृष्टिगत पूरे प्रदेश में विभिन्न वन पंचायतों, स्कूलों इत्यादि में कठपुतली शो, वनाग्नि जनजागरूकता कार्यक्रम व प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए जिस हेतु कैम्पा निधि पर अर्जित ब्याज की धनराशि से `25.00 लाख का प्राविधान/व्यय, जनजागरूकता मद में किए गए व्यय की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार उत्तराखण्ड कैम्पा निधि पर अर्जित ब्याज की धनराशि का वर्ष 2016–17 हेतु कुल बजट `575.30 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

**(कार्यवाही– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा )**

## कार्यसूची कार्यकारी समिति 17.5: अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से अन्य बिन्दु :–

**कैम्पा निधि के अन्तर्गत कल्याण कोष की व्यवस्था :–**

कार्यकारी समिति द्वारा कैम्पा निधि के अंतर्गत वन विभाग के कार्मिकों हेतु स्थापित कल्याण कोष के अंतर्गत टौंस वन प्रभाग के वनाग्नि दुर्घटना में घायल कार्मिक श्री ज्ञान सिंह इलाज हेतु `2.00 लाख की धनराशि टौंस वन प्रभाग को अवमुक्त किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यकारी समिति द्वारा इस दौरान कल्याण कोष की निधि के संचालन /नियमावली को अंतिम रूप प्रदान करने हेतु श्री मोनिष मलिक, अपर प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कैम्पा एवं श्री सुशान्त पटनायक, वन संरक्षक, एवं उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा को आगामी कार्यकारी/संचालन समिति की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए।

**(कार्यवाही– अपर प्रमुख वन संरक्षक, मानव संसाधन विकास, उत्तराखण्ड; मुख्य कार्यकारी अधिकारीएवं उप–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा )**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक का समापन किया गया।

अनुमोदित

(राजेन्द्र कुमार)
अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा
एवं प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड कैम्पा

उत्तराखण्ड प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबन्धन एवं नियोजन प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा)
वन मित्र कॉल सेंटर– 920 800 8000
5 पंचशील पार्क, चकराता रोड़, देहरादून टेलीफैक्स : 0135–2761077 ई–मेलः ceoukcampa@gmail.com, www.ukcampa.org.in

पत्रांक– 255 / 17–3(17) / 2016–17 / दिनांक, देहरादून, 27 जुलाई, 2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड एवं उपाध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।
2. मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।
3. प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनाएं, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।
4. अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।
5. अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।
6. वित्त नियंत्रक, वन विभाग एवं सदस्य–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड कैम्पा।

पत्रांकः– 255 (1) / 17–3(17) / 2016–17 दिनांकित।

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष–कार्यकारी समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड कैम्पा।